## खास-खबरें

### नीमखेड़ा आंगनवाड़ी केंद्र का संयुक्त निरीक्षण, दस्तक अभियान में कोई बच्चा न छूटेः अधिकारी



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, रायसेनः** कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा के निर्देश पर मंगलवार को स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त दल ने ग्राम नीमखेड़ा स्थित आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ डॉ. दिनेश खत्री और जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेश जैन ने दोनों विभागों के मैदानी अमले से दस्तक अभियान की प्रगति की जानकारी ली। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि अभियान के तहत कोई भी लक्षित बच्चा छूटने न पाए। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्र में पंजीकृत बच्चों की संख्या, उनकी नियमित उपस्थिति, गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच तथा टीकाकरण व्यवस्था की भी समीक्षा की।

### एआई के दुरुपयोग पर अखाड़ा परिषद सख्त फर्जी कथावाचकों पर कार्रवाई की चेतावनी



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, उज्जैनः** सोशल मीडिया पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के कथित दुरुपयोग और धार्मिक सामग्री के प्रसार को लेकर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने सख्त रुख अपनाया है। परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी महाराज ने कहा कि एआई की मदद से भ्रामक धार्मिक सामग्री, मनगढ़ंत कथाएं और देवी-देवताओं के आपत्तिजनक एनिमेशन प्रसारित करने वालों के विरुद्ध धार्मिक एवं कानूनी स्तर पर कार्रवाई की जाएगी। रविंद्र पुरी महाराज ने कहा कि कुछ लोग बिना पर्याप्त शास्त्रीय अध्ययन के केवल सोशल मीडिया पर लोकप्रियता हासिल करने के उद्देश्य से एआई तकनीक का उपयोग कर भ्रामक वीडियो और रील तैयार कर रहे हैं। उन्होंने इसे सनातन परंपराओं और धार्मिक आस्था के लिए चिंताजनक बताया तथा कहा कि धर्म के नाम पर लोगों को गुमराह करने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

### जयघोष के साथ गुरूदेव शीतलराजजी म.सा.का भव्य मंगल प्रवेश



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, शाजापुरः** नगर की धन्यधरा गुरूभक्ति के रस में एक बार फिर सराबोर हो गई। अवसर था, स्थानकवासी जैन संत गुरुदेव शीतलराजजी महाराज के चातुर्मास हेतु भव्य मंगल प्रवेश का। मीडिया प्रभारी मंगल नाहर ने बताया कि श्रीवर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के तत्वावधान में आयोजित चातुर्मास 2026 के लाभार्थी स्व. कमलाबाई - स्व.कल्याणमलजी जैन के आत्म श्रैयार्थ परिवार हैं। जिनके माध्यम से उक्त चातुर्मास महोत्सव में आचार्य प्रवर इतिहास मार्तंड हस्तीमलजी म.सा.के महासाधक शिष्य, कठोर तपसाधक, कुशल सेवामूर्ति, महास्थिवर, सूर्य अतापना धारी, आड़ा आसन त्यागी, सामायिक स्वाध्याय के प्रबल प्रेरक गुरुदेव शीतलराजजी म.सा.का वर्ष 2026 के चातुर्मास हेतु भव्य मंगल प्रवेश नगर में हुआ।

### नगर निगम के विशेष सम्मेलन में राष्ट्रीय खेल अकादमी सहित कई प्रस्तावों पर मुहर

**नईदुनिया, प्रतिनिधि, उज्जैनः** नगर निगम के विशेष सम्मेलन में मंगलवार को शहर के विकास, सिंहस्थ-2028 की तैयारियों और आधारभूत सुविधाओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। निगम अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित सम्मेलन में महापौर, निगम आयुक्त तथा पार्षदों की मौजूदगी में राष्ट्रीय खेल अकादमी की स्थापना, सड़क चौड़ीकरण, मुआवजा वितरण, स्वच्छता और वित्तीय प्रबंधन से जुड़े प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा के बाद सदन ने सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की। सम्मेलन की शुरुआत वंदे मातरम् के साथ हुई। बैठक में सबसे महत्वपूर्ण निर्णय उज्जैन के तरणताल स्विमिंग कॉम्प्लेक्स को राष्ट्रीय खेल अकादमी की स्थापना के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग को हस्तांतरित करने का लिया गया। इस निर्णय से क्षेत्र के खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और आधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए मास्टर प्लान की प्रमुख सड़कों के चौड़ीकरण संबंधी प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई। भगतसिंह मार्ग, लाला लाजपत राय मार्ग, सरदार वल्लभभाई पटेल मार्ग, वीर दुर्गादास मार्ग और देवास रोड सहित कई प्रमुख मार्गों के चौड़ीकरण से प्रभावित भवन एवं भूमि स्वामियों को मुआवजा देने के प्रस्ताव पर भी सदन ने सहमति जताई।

# मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर निजी स्कूल शिक्षक ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान



**नईदुनिया प्रतिनिधि, शाजापुरः** जिले के मक्सी थाना क्षेत्र अंतर्गत सिरोलिया गांव में एक 38 वर्षीय निजी स्कूल शिक्षक ने गांव के ही कुछ लोगों की मानसिक प्रताड़ना और झूठी अफवाहों से आहत होकर मौत को गले लगा लिया। सोमवार शाम शिक्षक ने इंदौर-कोटा ट्रेन के सामने कूदकर अपनी जान दे दी। आत्महत्या से ठीक पहले मृतक ने एक व्हाट्सएप ग्रुप में भावुक संदेश छोड़ते हुए एक युवक पर प्रताड़ना का सीधा आरोप लगाया है। घटना के बाद क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है, वहीं पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की सघन जांच शुरू कर दी है।

**ट्रेन की चपेट में आने से हुई दर्दनाक मौतः** प्राप्त जानकारी के अनुसार, सिरोलिया निवासी सतीश जोशी 38 पिता मणीशंकर जोशी पास के ही साजोद गांव स्थित एक निजी स्कूल में शिक्षक थे। वे प्रतिदिन पैदल ही स्कूल आते-जाते थे। सोमवार शाम सिरोलिया रेलवे स्टेशन के पास पोल नंबर 1298/08 से 1298/06 के बीच वे ट्रेन की चपेट में आ गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। मंगलवार को सभी कानूनी प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

**अविवाहित होने पर ताने मारते थे आरोपीः** मृतक के भाई राहुल ने घटना के पीछे की वजह बताते हुए कहा कि सतीश की शादी नहीं हुई थी। गांव के कुछ लोग अक्सर इसी बात को लेकर उन पर तंज कसते थे और अफवाहें उड़ाते थे। लगातार मिल रहे इन तानों और प्रताड़ना के कारण सतीश मानसिक अवसाद का शिकार हो गए थे, जिसके चलते उन्होंने यह खौफनाक कदम उठाया।

**जांच में जुटी पुलिसः** इस पूरे घटनाक्रम पर मक्सी थाना प्रभारी मदन इवने ने बताया कि पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। मृतक द्वारा आत्महत्या से पूर्व व्हाट्सएप ग्रुप में भेजे गए संदेश की जानकारी पुलिस के संज्ञान में है। पुलिस हर पहलू की बारीकी से जांच कर रही है और व्हाट्सएप संदेश सहित अन्य साक्ष्यों के आधार पर दोषियों के खिलाफ आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

#### व्हाट्सएप मैसेज में बयां की पीड़ा, लगाई न्याय की गुहार

आत्मघाती कदम उठाने से पहले सतीश ने एक व्हाट्सएप ग्रुप में अपना अंतिम संदेश लिखा। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग उनके बारे में गलत अफवाहें फैला रहे थे, जिसके कारण वे पिछले दो महीने से भारी मानसिक तनाव से गुजर रहे थे। उन्होंने अपने संदेश में स्पष्ट रूप से दीपक (कालु) पाटीदार पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया और उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। संदेश के अंत में सतीश ने भावुक होते हुए सभी मित्रों और परिचितों को अंतिम प्रणाम किया और लिखा कि यदि उनके किसी कृत्य से किसी को ठेस पहुंची हो, तो वे क्षमा चाहते हैं।

### कलेक्टर ने जनसुनवाई में प्राप्त 179 में से 103 आवेदनों का हुआ निराकरण



**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः** जनसुनवाई में 179 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से मौके पर 103 आवेदनों का निराकरण हुआ। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जनसुनवाई में इलेक्ट्रिक ट्राई साइकिल की मॉंग लेकर पहुंचे दिव्यांग आवेदक मुकेश खटीक को शीघ्र ही इलेक्ट्रिक ट्राई साइकिल देने के आदेश दिए। बुजुर्ग भंमरी बाई की पेंशन पुनः शीघ्र प्रारंभ किए जाने के आदेश भी दिए। जमनीबाई अहिरवार का नाम भी गरीबी रेखा की सूची में पात्रता के अनुसार जोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

जनसुनवाई में लटेरी तहसील के ग्राम मसूड़ी के बालचंद ने भूमि सीमांकन करने, ग्राम सोमवारा निवासी फुल्ला ने भूमि की मुआवजा राशि दिलाने, विदिशा के श्रीरामलीला चैराहा निवासी जगन्नाथ लोधी ने भूमि का पट्टा दिलाने और इसके अलावा गंजबासौदा निवासी महक मिश्रा ने अपने स्वर्गीय पिता के नाम बैंक ऋण की बकाया राशि के संबंध में राहत प्रदान करने समस्या से अवगत करते हुए राहत प्रदान करने के लिए अनुरोध किया। राजबाला अहिरवार ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की रुकी ही राशि दिलाने हेतु आवेदन दिया।

जनसुनवाई में राजस्व, सामाजिक न्याय, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, विद्युत, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, शिक्षा, कृषि तथा अन्य विभागों से संबंधित प्रकरणों पर गंभीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

## नवांकुर विद्यापीठ में मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

**‘शिवलाल उत्कृष्ट सम्मान समारोह-2026’ संपन्न**

**नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** नवांकुर विद्यापीठ के डॉल्फिन कैंपस में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) नवांकुर इकाई के तत्वावधान में उन्मुखीकरण कार्यक्रम एवं ‘शिवलाल उत्कृष्ट सम्मान समारोह-2026’ का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षाविद एवं शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पूर्व प्राचार्य ज्ञान प्रकाश भार्गव रहे, जबकि अध्यक्षता पंचतत्व संरक्षण समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र दांगी ने की।

कार्यक्रम में शिवलाल अग्रवाल एंड कंपनी के प्रतिनिधि नंदकिशोर वर्मा और धीरेंद्र जाट, नवांकुर विद्यापीठ के संरक्षक शैलेंद्र कुमार दीक्षित, प्राचार्य संदीप कुमार रावत, डॉल्फिन प्राचार्य संदीप नारायण जेटली सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। स्वयंसेविका छात्राओं झलक शर्मा और जिया रघुवंशी ने अतिथियों का तिलक एवं स्वागत गीत से अभिनंदन किया।

इस अवसर पर मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

कक्षा परीक्षा में चौथा स्थान प्राप्त करने वाली सुहानी भदौरिया, पांचवां स्थान प्राप्त करने वाले गौरव कुशवाह, आठवां स्थान प्राप्त करने वाले उपासना जाट और मनन सुमन तथा दसवां स्थान प्राप्त करने वाली भाविका राठौर को शिवलाल अग्रवाल एंड कंपनी की ओर से पुरस्कार राशि, बैग और पुस्तकें भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में कंपनी की ओर से नवांकुर विद्यापीठ के संरक्षक शैलेंद्र कुमार दीक्षित का भी सम्मान किया गया। अतिथियों ने विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, एक घायल

**गंजबासौदा।** नगर से करीब चार किलोमीटर दूर नवीन मंडी के आगे बंजारी माता मंदिर के पास मंगलवार दोपहर सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पिपराहा निवासी विकास कुशवाहा (18) अपने एक साथी के साथ बाइक से गंजबासौदा से उदयपुर की ओर जा रहा था। दोपहर करीब दो बजे बंजारी माता मंदिर के पास एक अज्ञात ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। दुर्घटना में विकास कुशवाहा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार दूसरा युवक घायल हो गया। उसे उपचार के लिए राजीव गांधी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद वह दहशत में होने के कारण घटना के संबंध में स्पष्ट जानकारी नहीं दे सका। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। मामले की जांच जारी है तथा फरार ट्रक और उसके चालक की तलाश की जा रही है।

## सार्थक संस्था ने दो स्कूलों में विकसित किए ‘पोषण वन’, लगाए 50 फलदार व छायादार पौधे



**नईदुनिया प्रतिनिधि, मंदसौरः** पर्यावरण संरक्षण और विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सार्थक संस्था ने अपने ‘सार्थक पोषण वन’ अभियान के तहत ग्राम हतुनिया और रिछा लालमुहा के शासकीय हाई स्कूलों में 50 फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया। अभियान की 21वीं और 22वीं कड़ी के तहत दोनों विद्यालयों में 25-25 पौधे लगाए गए।

वृक्षारोपण में आम, जामुन, अमरूद, शहतूत, कबीट, रामफल, सीताफल, आंवला, इमली, गूलर और शीशम सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे शामिल रहे। संस्था ने बताया कि ‘पोषण वन’ का उद्देश्य विद्यालय परिसर में हरित वातावरण विकसित करने के साथ भविष्य में विद्यार्थियों को प्राकृतिक रूप से पौष्टिक फल उपलब्ध कराना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

कार्यक्रम के दौरान सार्थक संस्था की टीम ने विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन सत्र आयोजित कर प्रत्येक पौधे का नाम, उसकी विशेषताएं, औषधीय महत्व और पर्यावरणीय उपयोगिता की जानकारी दी। संस्था ने विद्यार्थियों को पौधों की देखभाल और संरक्षण का संकल्प भी दिलाया।

ग्राम हतुनिया में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य बल्ताजर तिग्गा, महेश पाटीदार, कैलाश चंद्र चौहान, दुर्गालाल धाकड़ और बलवंत सिंह जगावत उपस्थित रहे। वहीं ग्राम रिछा लालमुहा में सरपंच मधुसूदन पाटीदार, ग्राम सचिव तथा अन्य जनप्रतिनिधियों ने अभियान में सहभागिता की। सरपंच ने संस्था की पहल की सराहना करते हुए कहा कि पोषण वन जैसी योजनाएं पर्यावरण संरक्षण के साथ आने वाली पीढ़ी को प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

संस्था की संस्थापक उर्मिला तोमर ने कहा कि सार्थक संस्था केवल पौधे लगाकर अपनी जिम्मेदारी पूरी नहीं करती, बल्कि उनके वृक्ष बनने तक संरक्षण और देखभाल भी सुनिश्चित करती है। कार्यक्रम के अंत में संस्था के पदाधिकारियों ने विद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया।

## मौत के मामले में निष्पक्ष जांच की मांग, कलोता समाज ने एसडीओपी को सौंपा ज्ञापन



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः** गोपालपुर थाना क्षेत्र के ग्राम किशनपुर निवासी मनीष पंवार की मौत के मामले में निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर अखिल भारतीय क्षत्रिय कलोता समाज युवा संगठन ने मंगलवार को एसडीओपी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। समाज के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि पूर्व में शिकायतें किए जाने के बावजूद पुलिस ने समय पर प्रभावी कार्रवाई नहीं की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा।

ज्ञापन में परिजनों ने आरोप लगाया कि मनीष पंवार मानसिक प्रताड़ना से परेशान था और उसने पूर्व में अपनी शिकायत गोपालपुर थाने में दर्ज कराई थी, लेकिन उस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। परिजनों का दावा है कि इसी मानसिक तनाव के चलते 18 जुलाई को उसने जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। गौरतलब है कि 18 जुलाई को मनीष पंवार की मौत के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने गोपालपुर थाने के सामने धरना-प्रदर्शन कर चक्काजाम किया था। उस समय पुलिस अधिकारियों ने मामले में कार्रवाई का आश्वासन देकर प्रदर्शन समाप्त कराया था। समाज का कहना है कि आश्वासन के बाद भी अब तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई है। मंगलवार को समाज के लोगों ने बैठक के बाद एसडीओपी रोशन कुमार जैन को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच, दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की। इस संबंध में एसडीओपी रोशन कुमार जैन ने बताया कि ज्ञापन प्राप्त हो गया है और मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

### सद्गुरु विज़न सेंटर में निःशुल्क नेत्र शिविर

**गंजबासौदा।** स्थानीय मिल रोड स्थित सद्गुरु विज़न सेंटर में स्व. नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से मंगलवार को निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में डॉ. धर्मेंद्र अहिरवार ने 112 से अधिक मरीजों की नेत्र जांच कर उन्हें नेत्र रोगों से बचाव संबंधी जानकारी दी। जांच के दौरान 13 से अधिक मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए, जिन्हें ऑपरेशन के लिए आनंदपुर रेफर किया गया। शिविर में 31 जरूरतमंदों को निःशुल्क चश्मों का वितरण किया गया, जबकि 39 मरीजों के चश्मों के नंबर निकाले गए। इसके अलावा 29 मरीजों को निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गईं तथा स्वास्थ्य परीक्षण के तहत रक्तचाप और शुगर की जांच भी की गई। शिविर प्रभारी के निर्देशन में काउंसलिंग टीम ने मरीजों को नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया।

### जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनीं, अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश



**नईदुनिया प्रतिनिधि, देवासः** जिला मुख्यालय स्थित कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी और अपर कलेक्टर संजीव जैन ने नागरिकों की समस्याएं सुनकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर विशाखा देशमुख सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

जनसुनवाई में कृषि भूमि के नामांतरण, बैंक खाते में जमा राशि दिलाने, जलकर में रियायत, प्रधानमंत्री आवास योजना, भूमि सीमांकन, बिजली बिल में सुधार, बीपीएल सूची में नाम जोड़ने, नामांकन, बंटवारा, रास्ते से अतिक्रमण हटाने तथा नालियों की साफ-सफाई सहित विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। अपर कलेक्टरों ने सभी प्रकरणों की जांच कर शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

## बारिश के बीच निकली भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा, हजारों श्रद्धालुओं ने खींचा रथ



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः** भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा मंगलवार को बारिश के बीच पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। लगातार दूसरे वर्ष आयोजित इस रथयात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। ‘जय जगन्नाथ’ और ‘हरि बोल’ के जयघोष से पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा।

दोपहर करीब सवा तीन बजे सर्व मंगलम पैलेस से प्रारंभ हुई रथयात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई कृषि उपज मंडी स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर पहुंची। करीब तीन घंटे चली यात्रा में 24 फीट ऊंचे सुसज्जित रथ पर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा नगर भ्रमण पर निकले। यात्रा के दौरान हल्की बारिश शुरू होने के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए रथ के साथ चलते रहे और भगवान का रथ खींचने में सहभागी बने।

रथयात्रा मार्ग पर विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों ने स्वागत मंच बनाकर पुष्पवर्षा की। कई स्थानों पर भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण भी किया गया। यात्रा प्रारंभ होने से पहले भगवान को छप्पन भोग अर्पित किया गया। नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर ने रथ खींचकर यात्रा की शुरुआत की, जबकि पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह राजपूत सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने भी सहभागिता निभाई। यात्रा के दौरान सामाजिक समरसता का भी संदेश देखने को मिला। विभिन्न समाजों के लोगों के साथ सभी वर्गों के श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए। सुरक्षा व्यवस्था के लिए एसडीओपी रोशन कुमार जैन और थाना प्रभारी घनश्याम दांगी के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहा। रथयात्रा के समापन पर महाआरती के बाद भगवान को सवा पांच क्विंटल खिचड़ी और बूंदी का भोग अर्पित किया गया तथा हजारों श्रद्धालुओं में महाप्रसादी वितरित की गई।

**स्पेशल खबर** नगर पालिका की पीआईसी बैठक में 52 प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत

## नपाध्यक्ष ने कहा सीहोर को एक आधुनिक और सर्वांगीण विकसित शहर बनाना



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** नगर पालिका परिषद सीहोर की पीआईसी (प्रेसिडेंट-इन-काउंसिल) की बैठक आज नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में शहर के विकास से जुड़े 52 महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत किए गए। बैठक में शहर के विभिन्न वार्डों में सड़क, खेल एवं जनसुविधाओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों को हरी झंडी दी गई।

बैठक में वार्ड क्रमांक 2 में बलवंत की चक्की से सम्राट कॉलेज तक तथा पार्वती मेवाड़ा के घर से देवनगर कॉलोनी तक सीसी रोड निर्माण के लिए 31 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 4 में टाउन हॉल बस स्टैंड के समीप आधुनिक बास्केटबॉल ग्राउंड के निर्माण हेतु 16 लाख 17 हजार रुपये की मंजूरी दी गई, जिससे शहर के युवाओं और खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध होंगी। वार्ड क्रमांक 7 में मुरली रोड से क्यूलटोली रोड होते हुए शासकीय स्कूल तक डामरीकरण कार्य के लिए 39 लाख 60 हजार रुपये स्वीकृत किए गए।

वार्ड क्रमांक 21 की अवधपुरी कॉलोनी में शर्मा के घर से पशुपतिनाथ मंदिर होते हुए इंदौर-भोपाल मुख्य मार्ग तक सीसी रोड निर्माण के लिए 16 लाख 70 हजार रुपये की मंजूरी दी गई।

वार्ड क्रमांक 34 में जूनियर वाड़ी क्षेत्र में बड़ा मस्जिद से जूनियर वाड़ी डीपी तक सीसी रोड निर्माण कार्य हेतु 37 लाख 90 हजार रुपये स्वीकृत किए गए। इसके अलावा शहर की आस्था और पर्यटन को ध्यान में रखते हुए महिला घाट पर नदी किनारे घाट निर्माण के लिए 29 लाख 64 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई।

**सीहोर को एक आधुनिक, सुविधायुक्त और सर्वांगीण विकसित शहर बनानाः** नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि नगर परिषद का उद्देश्य केवल सड़कें बनाना नहीं, बल्कि सीहोर को एक आधुनिक, सुविधायुक्त और सर्वांगीण विकसित शहर बनाना है। बच्चों के लिए बास्केटबॉल ग्राउंड, महिला घाट पर निर्माण तथा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण इसी संकल्प का हिस्सा है। नगर पालिका बिना किसी भेदभाव के सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य करा रही है और आने वाले समय में भी जनहित के अनेक कार्य तेजी से किए जाएंगे। सीहोर नगर लगातार विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। नगर पालिका का लक्ष्य प्रत्येक वार्ड तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना और नागरिकों को बेहतर शहरी वातावरण उपलब्ध कराना है। बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुधीर सिंह, कार्यपालन यंत्री विजय कोहली, अमित यादव, सभी सभापति, पार्षदगण, इंजीनियर तथा नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।